भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय
INDIAN INSTITUTE OF TECHNOLOGY
BANARAS HINDU UNIVERSITY

☎ 0542 2366676: e-mail : pro.ppc@itbhu.ac.in

कुलसचिव कार्यालय
(प्रेस एवं प्रचार प्रकोष्ठ)

जनसंदेश टाइम्स

Office of the Registrar
(Press & Publicity Cell)

दिनांक : 11.02.2019

विज्ञान, कला और संस्कृति में रंगी आईआईटी की झांकी

आकर्षक : पुरा छात्रों ने महामना की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

शताब्दी वर्ष समारोह

छात्रों संग पुरा आईआईटियंस हुए शामिल, ड्रोन और कॉप्टर के दिखाए कौशल

वाराणसी। बसंत पंचमी के अवसर पर आईआईटी बीएचयू की तरफ से सबसे बड़ी झांकी निकाली गई। ये झांकी राजपुताना चैराहे से मालवीय भवन होते हुए एमएमवी चैराहे तक निकाली गई। झांकी का नेतृत्व निदेशक प्रो.प्रमोद कुमार जैन ने किया। संचालन अधिष्ठाता छात्र कार्य प्रो.बीएन राय ने किया। इसके अतिरिक्त संस्थान के बोर्ड आफ गवर्नर के सदस्य और शताब्दी समारोह के आयोजन समिति के चेयरमैन नितिन मल्होत्रा, अधिष्ठाता प्रोफेसर एके त्रिपाठी, कुलसचिव डा.एसपी माथुर, ज्वाइंट चीफ प्रॉक्टर प्रो.प्रभाकर सिंह, छात्रों की सभी कार्डसिल के सचिव उपस्थित रहे।

आईआईटी की झांकी में छात्रों की बनाई गई ग्रीन कार, प्रोटोटाइप कार, ड्रोन, कॉप्टर, क्वॉड कॉप्टर का प्रदर्शन किया गया। शताब्दी समारोह को दर्शाता ड्रोन झांकी में सबसे आगे उड़ता देख सभी बच्चे और बड़े उत्साहित हो उठे। उसके बाद एक क्वाडकॉप्टर ड्रोन बीएचयू के वीसी समेत अन्य मुख्य अतिथियों का अभिवादन किया। भावी इंजीनियर्स के कुशल ड्रोन संचालन और तकनीक ने दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

उपकरणों को किया प्रस्तुत

इसके बाद संस्थान में निर्मित धान कटाई की मिनी मशीन, साइकिलिंग करके आटा पीसाई की मशीन समेत कई उपकरणों का प्रदर्शन रोचक रहा। वीडियो फिल्म से संस्थान की उपलब्धियों, सामाजिक कार्यों और भविष्य की योजनाओं के बारे में झलक दिखलाई गई। इसके अतिरिक्त झांकी में खेलकूद से जुड़े छात्र और कर्मचारी ट्रैक सूट, शिक्षक सदरी में झांकी की शोभा बढ़ा रहे थे। संस्थान की चार कार्डसिल की तरफ से झांकी निकाली गई।

तीन सौ एल्युमिनाई सपरिवार

शताब्दी समारोह के अवसर पर झांकी का विशेष आकर्षण देश-विदेश से आए 300 एलुमनाई और उनके परिवार के सदस्य रहे जो तीन किलोमीटर तक चलने वाली झांकी में नाचते गाते चल रहे थे।

महामना का किया माल्यार्पण

इन्होंने, मालवीय भवन में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संस्थापक भारत रत्न पंडित मदन मोहन मालवीय की की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया।